**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के 1-सोमवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर।**

---

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 8 (क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद- लखनऊ के ग्राम चतुरीखेड़ा मजरा सिरगामऊ ब्लाक काकोरी में प्राथमिक विद्यालय से ग्राम थावर तक लगभग 02 किमी0 मार्ग कच्चा होने के कारण ग्रामीणों/किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है? | प्रश्नगत मार्ग भट्टा थावर मार्ग से कुशमरी सम्पर्क मार्ग लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व का ग्रामीण श्रेणी का मार्ग है, जिसकी लम्बाई 1.200 किमी0 है, जो लेपित मार्ग है। मार्ग की दशा संतोषजनक है तथा यातायात हेतु उपयुक्त है। कुशम्भरी से चतुरीखेड़ा जाने वाला मार्ग खड़ण्जा स्तर का मार्ग है, जिसकी लम्बाई लगभग 1.250 किमी0 है, जिस पर ग्राम पंचायत का स्वामित्व है। लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व में नहीं है। चतुरीखेड़ा गॉव से प्राथमिक विद्यालय, चतुरीखेड़ा पूर्व से ही लेपित मार्ग से जुड़ा हुआ है। प्रकरण डबल कनेक्टिविटी से सम्बन्धित है, अतः इसमें लोक निर्माण विभाग से काई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। |
| (ख) क्या उपरोक्त मार्ग को पिच मार्ग कराये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र, दिनांक 15 मार्च, 2023 जो कि आपको सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉं, तो क्या उक्त कच्चे मार्ग को पिच रोड बनवायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) यदि हॉं, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

**बृजेश सिंह**
**राज्य मंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग।**